झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

तृतीय झारखण्ड विधान सभा | दशम् (शीतकालीन) सत्र

संख्या-04 | बुधवार, दिनांक- 05 दिसम्बर, 2012 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.05 बजे अपराह्न तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(सदन में मात्र आठ कैबिनेट मंत्री के उपस्थित रहने एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों के अनुपस्थित रहने के कारण कोरम के अभाव में सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्थगित कर दी गयी।)

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(सदन में पुनः मात्र आठ कैबिनेट मंत्री के उपस्थित रहने एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों के पुनः अनुपस्थित रहने के कारण कोरम के अभाव में सदन की कार्यवाही 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्थगित कर दी गयी।)

(अन्तराल के बाद)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

सदन की सहमति से विधायी कार्य होने तक सदन का समय विस्तारित किया गया।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री बिनोद कुमार सिंह ने आसन से आग्रह किया कि चूँकि मंत्रिमण्डल के सभी माननीय मंत्री उपस्थित नहीं है और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के भी सभी माननीय सदस्य सदन से अनुपस्थित हैं, ऐसी स्थिति में विधायी कार्यो का निष्पादन किया जाना उचित नहीं होगा।)

आसन द्वारा माननीय सदस्य के आग्रह को संज्ञान में लिया गया तत्पश्चात् आसन द्वारा आग्रह किया गया कि सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सभी माननीय सदस्य सदन में आयें, परन्तु उनके आग्रह के उपरांत कोई भी माननीय सदस्य सदन में नहीं आये। अतएव सदन की कार्यवाही वृहस्पतिवार, दिनांक- 06.12.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 5 दिसम्बर, 2012

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।